भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

वित्तीय सेवाएं विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1814

जिसका उत्तर मंगलवार, 16 दिसंबर, 2025/25 अग्रहायण, 1947 (शक) को दिया गया

वोस्ट्रो खाता

1814. श्री गोविंदभाई लालजी भाई धोलकिया:

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा देश में वोस्ट्रो खाते खोलने की अनुमति दी गई है;

(ख) यदि हां, तो किन बैंकों में यह सुविधा शुरु की गई है;

(ग) इस समय देश में व्यापार करने के लिए कितने खातों का उपयोग हो रहा है; और

(घ) सरकार द्वारा विश्व की प्रमुख मुद्राओं के बीच रुपये की साख सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)

(क) से (ग): भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) निम्नलिखित वोस्ट्रो खाते की अनुमति देता है:

1. अनिवासी एक्सचेंज हाउसों के रुपये/विदेशी मुद्रा वोस्ट्रो खाते: भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबी) के दिनांक 01.01.20216 के अनिवासी विनिमय गृहों के रुपये/विदेशी मुद्रा वोस्ट्रो खाते खोलने और उनका रखरखाव संबंधी मास्टर निदेश के अनुसार, भारत में सभी अधिकृत डीलर (एडी) श्रेणी I बैंकों को अनिवासी विनिमय गृहों के रुपये/विदेशी मुद्रा वोस्ट्रो खाते खोलने और उसे बनाए रखने की अनुमति है।

2. आईएनआर वोस्ट्रो खाते: दिनांक 01.04.2016 के एफईएम (जमा) विनियमन के विनियम 7(1), (एफईएमए 5आर) के अनुसार, भारत में अधिकृत डीलर बैंक को सामान्य अनुमति के अंतर्गत भारत के बाहर स्थित अधिकृत डीलर बैंक के कॉरेसपोंडेंट के आइएनआर वोस्ट्रो खाते खोलने की अनुमति है।

3. विशेष रुपया वोस्ट्रो खाते (एसआरवीए): दिनांक 11.07.2022 के आरबीआई के ए.पी. (डीआईआर सीरीज) परिपत्र संख्या 10 के अनुसार, भारतीय रुपयों (आईएनआर) में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार निपटान संबंधी भारत में अधिकृत डीलर बैंकों को एसआरवीए खोलने की अनुमति देता है।

निम्नलिखित 17 एडी श्रेणी I के बैंक, अनिवासी विनिमय गृहों के रुपये/विदेशी मुद्रा वोस्ट्रो खातों को खोलने और रखरखाव संबंधी मास्टर निदेश में उल्लिखित योजना के अनुसार लेनदेन संसाधित कर रहे हैं, जो 1 जनवरी, 2016 को जारी किया गया था और इसे समय-समय पर संशोधित किया गया था:

#	बैंक का नाम
1.	एक्सिस बैंक लिमिटेड
2.	बैंक ऑफ बहरीन एंड कुवैत बी.एस.सी.
3.	बार्कलेज बैंक पीएलसी
4.	केनरा बैंक
5.	सीसीबी बैंक लिमिटेड
6.	फेडरल बैंक लिमिटेड
7.	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड
8.	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
9.	आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
10.	इंडियन ओवरसीज बैंक
11.	इंडसइंड बैंक लिमिटेड
12.	कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड
13.	पंजाब नेशनल बैंक
14.	आरबीएल बैंक लिमिटेड
15.	साउथ इंडियन बैंक लिमिटेड
16.	भारतीय स्टेट बैंक
17.	यस बैंक लिमिटेड

(घ): भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सरकार के परामर्श से विश्व की प्रमुख मुद्राओं के बीच रुपये की विश्वनीयमता सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाए हैं। इनमें, अन्य बातों के साथ-साथ, निम्नलिखित शामिल हैं:

1. कई व्यापारिक भागीदार देशों के साथ विशेष रुपया वोस्ट्रो खातों (एसआरवीएएस) की स्थापना, आईएनआर में चालान, भुगतान और व्यापार लेनदेन के निपटान को सक्षम बनाना।
2. संयुक्त अरब अमीरात, इंडोनेशिया, मालदीव और मॉरीशस के केंद्रीय बैंकों के साथ स्थानीय मुद्रा व्यवस्था के लिए समझौता ज्ञापनों का निष्पादन।
3. प्राधिकृत डीलर बैंकों की विदेशी शाखाओं को भारत से बाहर रहने वाले व्यक्ति (पीआरओआई) के लिए भारतीय रुपया खाता खोलने की अनुमति देना।
4. भारत में विदेशी निवेश (गैर-ऋण लिखतों में एफडीआई सहित) करने सहित पीआरओआई का प्रत्यावर्तनीय भारतीय रुपया शेष के अनुमेय उपयोगों का विस्तार करना।
5. भारत में स्थित एडी बैंकों और उनकी विदेशी शाखाओं को सीमा पार व्यापार लेनदेन की सुविधा के लिए नेपाल, भूटान और श्रीलंका में रहने वाले व्यक्तियों को भारतीय रुपये में ऋण देने की अनुमति देना।
6. एसआरवीए धारकों के लिए निवेश परिवेश का विस्तार करना, सरकारी प्रतिभूतियों और ट्रेजरी बिलों के अलावा कॉर्पोरेट बॉन्ड और वाणिज्यिक पत्रों में अधिशेष शेष राशि का निवेश करने की अनुमति देना।
7. भारत के बाहर रहने वाले व्यक्तियों को भारत के बाहर रहने वाले अन्य व्यक्तियों के साथ उनके प्रत्यावर्तनीय आईएनआर खातों जैसे विशेष अनिवासी रुपया खाते और एसआरवीए में शेष राशि का उपयोग करके वास्तविक लेनदेन का निपटान करने की अनुमति देना।

***